Title: Need to connect Sawai Madhopur with Gangapur via Karouli, Dholpur by rail in Rajasthan.

श्रीमती जसकौर मीणा (सवाई माधोपुर); सभापति महोदय, रेलों ने औद्योगिक उत्पादन केन्द्रों को कच्ची सामग्री के स्रोतों से जोड़ा है और औद्योगिक विकास सुदृढ़ बनाया है। कृा उत्पादनों एवं कच्चे माल को दूरस्थ बाजारों (उत्पादकों) तक पहुंचाया है। इस प्रकार तीव्र विकास को बढ़ावा दिया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि रेलों ने विभिन्न दुर्गम स्थलों को सुविधाजनक स्थलों से जोड़कर दुर्गम स्थलों की जनता को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया है। इसी संदर्भ में मैं माननीय रेल मंत्री का ध्यान ऐतिहासिक इमारतों में लगने वाले लाल पत्थर के भारत के सबसे बड़े उत्पादक क्षेत्र सवाई माधोपुर, सरमथुरा, करौली, धौलपुर की ओर आकर्ाित करना चाहती हूं, जहां का जनजीवन आज भी रेलगाड़ी के दर्शन को तरस रहा है।

इस क्षेत्र को रेल मार्ग से गंगापुर से वाया करौली, सरमथुरा, धौलपुर जोड़ा जाये। इस क्षेत्र से लाल पत्थर का निर्यात विदेशो में काफी मात्रा में किया जा रहा है। इस रेल मार्ग के बन जाने से लाल पत्थर का अधिक मात्रा में निर्यात किया जा सकेगा और इससे देश को काफी मात्रा में विदेशी मुद्रा तो प्राप्त होगी ही साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को आर्थिक लाभ होने के कारण उनके जीवन स्तर में भी सुधार होगा।

अत; मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से अनुरोध करना चाहती हूं कि गंगापुर से वाया करौली, धौलपुर को रेल मार्ग से जोड़ने के आदेश पारित करने का कट करेंगी।